# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 01.08.2022

**#यू0पी0 112 के रेस्पान्स टाईम में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर लगातार पूरे प्रदेश में 13 वी बार प्रथम स्थान प्राप्त, माह जुलाई 2021 से अभी तक प्रथम स्थान पर है काबिज।**

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर के निर्देशन व डीसीपी ट्रैफिक के पर्यवेक्षण में पीआरवी वाहनो द्वारा कम समय में शीघ्र सहायता पहुचाने का लगातार किया जा रहा प्रयास।

माह जुलाई,2022 में पूरे प्रदेश के यू0पी0 112 के रेस्पान्स टाईम में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है। विगत माह जुलाई, 2021 से लगातार कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर प्रथम स्थान पर ही रहा है। वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 400-450 इवेन्ट प्राप्त होते है। जिनको कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर से डायल 112 से 65 चार पहिया पीआरवी व 50 दो पहिया पीआरवी द्वारा पहुँचकर त्वरित सहायता प्रदान की जाती है। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में माह जुलाई में कुल-17909 सूचनाऐं प्राप्त हुई,जिनपर पीआरवी द्वारा तत्काल घटना स्थल पर पहुँचकर त्वरित कार्यवाही कर सहायता प्रदान की गयी। महिलाओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में 06 महिला पीआरवी चलती है, तथा हाईवे पर सुरक्षा एवं त्वरित रेस्पॉस के लिये 04 पीआरवी ईस्टर्न-पेरीफेरल तथा 02 पीआरवी यमुना-एक्सप्रेस-वे पर संचालित रहती है। जुलाई माह में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में शहरी क्षेत्र में पीआरवी का एवरेज रेस्पॉन्स टाइम 05 मिनट 04 सैकण्ड रहा तथा देहात क्षेत्र में पीआरवी का रेस्पॉस टाइम 06 मिनट 54 सैकण्ड रहा तथा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर का माह जुलाई का ऐवरेज रेस्पॉन्स टाइम 06 मिनट 13 सैकण्ड रहा है। पीआरवी की उत्तम कार्यशेली व तकनीकी सहायता तथा जल्द से जल्द कॉलर को पूर्ण रूप से सहायता प्रदान करने के लिये पीआरवी कर्मियों को समय-समय पर 18 दिवसीय फ्रेशर तथा प्रत्येक 06 माह के अन्तराल में सभी पीआरवी कर्मियों को 09 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की पुलिस लाईन में सम्पन्न कराया जाता है। विगत माह जुलाई में प्रदेश के यूपी-112 कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर 03 बार ''**पीआरवी ऑफ दा डे**'' का खिताब प्राप्त किया है।

1.दिनांक 04.07.2022 को थाना सूरजपुर क्षेत्रान्तर्गत एक व्यक्ति के छत से गिरने की सूचना पर पीआरवी 1857 तत्काल मौके पर पहुॅचकर त्वरित कार्यवाही करते हुये घायल व्यक्ति को पीआरवी कर्मियों द्वारा इलाज हेतु कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया तथा घटना की जानकारी स्थानीय थाने को दी गयी।

2. दिनांकः 20.07.2022 को थाना एक्सप्रेस-वे क्षेत्रान्तर्गत पीआरवी 1844 के कर्मियों द्वारा गश्त के दौरान राहगीरो द्वारा एक्सीडेन्ट की मौखिक सूचना पर पीआरवी कर्मियों द्वारा तत्काल मौके पर पहुॅचकर देखा, तो कोई अज्ञात वाहन एक केंटर को पीछे से टक्कर मारकर भाग गया, जिसके कारण कैंटर चालक गंभीर रूप से घायल होकर गाडी में फंसा हुआ था।

पीआरवी कर्मियों ने त्वरित कार्यवाही करते हुये घायल को बाहर निकालकर उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया तथा घटना की सूचना स्थानीय थाने व परिजनों को दी गयी।

3. दिनांकः 22.07.2022 को थाना दादरी क्षेत्रान्तर्गत पीआरवी 2648 गश्त के दौरान राहगीरो द्वारा एक्सीडेन्ट की मौखिक सूचना पर पीआरवी कर्मियों द्वारा तत्काल घटना स्थल पर मौके पर पहुॅचकर देखा, तो एक कैंटर ने खडे ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी, जिसके कारण कैंटर चालक गंभीर रूप से घायल होकर गाडी में फंसा हुआ है, और 03 अन्य व्यक्ति घायल हो गये है, को पीआरवी कर्मियों ने त्वरित कार्यवाही करते हुये कैंटर चालक को बाहर निकालकर व सभी घायलो को उपचार हेतु सीएचसी दादरी में भर्ती कराया गया तथा घटना की सूचना स्थानीय थाने को दी गयी।

**1-थाना सेक्टर 113 पुलिस द्वारा 02 वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से 02 मो0सा0 व मो0सा0 के पार्टस, 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिंदा कारतूस व 01 अवैध चाकू बरामद।**

दिनांक 01.08.2022 को थाना सेक्टर 113 नोएडा पुलिस द्वारा अभियुक्तों 1. जाबिर पुत्र कमालुद्दीन निवासी ग्राम मडियाई थाना सरधना मेरठ वर्तमान निवासी गरिमा गार्डन साहिबाबाद गाजियाबाद, 2. इसरायल पुत्र वसीम नि0ग्राम फैजबाग थाना शमशाबाद फरुक्खाबाद वर्तमान निवासी पुश्ता रोड हिंडन चाँद मस्जिद के पास मिश्रा ऑटो सर्विस स्टेशन कुलेसरा थाना इकोटेक थर्ड को सेक्टर 112 नोएडा के चौराहे से गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्तों के कब्जे से 01 मो0सा0 हीरो स्प्लेंडर प्लस रजि0न0 डीएल 3 एस डी एफ 9648, 01 मो0सा0 हीरो स्प्लेंडर प्लस रजि0न0 डीएल 3 एस डी यू 5284, 01 इंजन मो0सा0 स्प्लेंडर प्लस, 01 इंजन हीरो स्प्लेंडर प्लस, 02 मो0सा0 की टंकी, 04 एलाय व्हील टायर, 02 शोकर आगे के व 2 शोकर पीछे के , 01 केरियर, 02 लेग गार्ड, 1 ए वाईजर, 01 चेन कवर, 01 मीटर, 01 तमन्चा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 अवैध चाकू बरामद हुए है।

**अभियुक्तों का विवरणः**

1. जाबिर पुत्र कमालुद्दीन निवासी ग्राम मडियाई थाना सरधना मेरठ वर्तमान निवासी गरिमा गार्डन साहिबाबाद गाजियाबाद।

2. इसरायल पुत्र वसीम नि0ग्राम फैजबाग थाना शमशाबाद फरुक्खाबाद हाल निवासी पुश्ता रोड हिंडन चाँद मस्जिद के पास मिश्रा ऑटो सर्विस स्टेशन कुलेसरा थाना इकोटेक 3 ।

**अभियोग का विवरणः**

1. मु0अ0स0 269/2022 धारा 411/414 भादवि थाना सेक्टर 113 नोएडा गौतमबुद्धनगर।

2. मु0अ0स0. 270/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सेक्टर 113 नोएडा गौतमबुद्धनगर।

3. मु0अ0स0 271/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सेक्टर 113 नोएडा गौतमबुद्धनगर।

4. मु0अ0सं0 264/22 धारा 379 भादवि थाना सेक्टर 113 नोएडा गौतमबुद्धनगर।

5. मु0अ0सं0 0265/22 धारा 379 भादवि थाना सेक्टर 113 नोएडा गौतमबुद्धनगर।

6. मु0अ0सं0 0174/22 धारा 379 भादवि थाना सेक्टर 49 नोएडा गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरण:**

1. 01 मो0सा0 हीरो स्प्लेंडर प्लस रजि0न0 डीएल 3 एस डी एफ 9648

2. 01 मो0सा0 हीरो स्प्लेंडर प्लस रजि0न0 डीएल 3 एस डी यू 5284

3. 01 इंजन मो0सा0 स्प्लेंडर प्लस, 01 इंजन हीरो स्प्लेंडर प्लस, 02 मो0सा0 की टंकी, 04 एलाय व्हील टायर, 02 शोकर आगे के व 2 शोकर पीछे के , 01 केरियर, 02 लेग गार्ड, 1 ए वाईजर, 01 चेन कवर, 01 मीटर,

4. 01 तमन्चा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर

5. 01 अवैध चाकू



**2-थाना जेवर पुलिस द्वारा 02 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये गये रूपयो मे से 13,400/- रूपये , चोरी की 04 नयी बैट्री, 02 पुरानी बैट्री व 02 इनवर्टर बरामद।**

दिनांक 31/7/2022 को वादी विकास छौंकर पुत्र विकटपाल निवासी वीरमपुर थाना रबूपुरा गौतमबुद्धनगर ने तहरीर दी कि दिनांक 29/7/2022 को अज्ञात चोरो द्वारा वादी की Tirupati Enterprises के नाम की दुकान की पीछे की दीवार तोडकर रात्रि मे दुकान मे रखा सामान चोरी कर लिया है, जिसके सम्बन्ध में थाना जेवर पर मु0अ0सं0 284/2022 धारा 457/380 भादवि पंजीकृत किया गया है। पंजीकृत अभियोग मे त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना जेवर पुलिस द्वारा आज दिनांक 01.08.2022 को थाना जेवर पुलिस द्वारा दो अभियुक्तों 1. नीरज पुत्र रमेश नि0 गाँव झुप्पा थाना जेवर गौतमबुद्धनगर 2.गुलवीर पुत्र महेन्द्र नि0 उर्फ मेहर चन्द नि0 ग्राम झुप्पा थाना जेवर गौतमबुद्धनगर को कस्बा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्तो के कब्जे से चोरी किये गये रूपयो मे से 13,400/- रूपये , चोरी की 04 नयी बैट्री व 02 पुरानी बैट्री व 02 इनवर्टर बरामद हुए है ।

**अभियुक्तों का विवरण-**

1.नीरज पुत्र रमेश नि0 गाँव झुप्पा थाना जेवर गौतमबुद्धनगर

2.गुलवीर पुत्र महेन्द्र नि0 उर्फ मेहर चन्द नि0 ग्राम झुप्पा थाना जेवर गौतमबुद्धनगर

**पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 284/2022 धारा 457/380/411 भादवि थाना जेवर गौतमबुद्धनगर

**बरामदगी का विवरण-**

1. 13,400/- रूपये,चोरी के 4 नयी बैट्री, 02 पुरानी बैट्री व 2 इनवर्टर



**#थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा अथक प्रयास कर रास्ता भटकी मानसिक रूप से कमजोर वृद्ध महिला को उनके घर पहुंचाया।**

दिनांक 01.08.2022 को थाना बीटा-2 क्षेत्र के अंतर्गत एक बुजुर्ग महिला उम्र करीब 80 वर्ष रास्ता भटक कर साईं मंदिर अल्फा-2 पर आ गई थी जो अपना नाम पता नहीं बता पा रही थी एवं परेशान हो रही थी। बुजुर्ग महिला के सम्बन्ध में मंदिर के पुजारी द्वारा तत्काल पुलिस को सूचना दी गयी जिस पर थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा मंदिर पंहुच कर महिला से उसके घर के बारे में जानने का प्रयास किया गया लेकिन बुजुर्ग महिला नाम पता बताने में असमर्थ रही। इस पर पुलिस द्वारा बुजुर्ग महिला का फोटो खींचकर आसपास पूछताछ की गयी अथक प्रयास करने पर महिला के घर के बारे में जानकारी प्राप्त हुयी तथा वृद्ध महिला का नाम व पता सेक्टर 40 नोएडा मिला। पुलिस द्वारा महिला के परिजनों से सम्पर्क कर वृद्ध महिला को परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिजनों व स्थानीय निवासियों द्वारा पुलिस के इस कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।